भारत सरकार
विधि और न्याय मंत्रालय
न्याय विभाग
लोक सभा
अतारांकित प्रश्न सं. 245
जिसका उत्तर शुक्रवार, 3 फरवरी, 2023 को दिया जाना है

## ई-लोक अदालतें

**245. श्री मारगनी भरत :**

क्या **विधि और न्याय** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) वर्ष 2020 से देश में आयोजित ई-लोक अदालतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ख) वर्तमान में स्थायी लोक अदालतों का राज्य-वार ब्यौरा क्या है ;

(ग) लोक अदालत और ई-लोक अदालतों के आयोजन में होने वाले खर्च के लिए आवंटित निधियों का ब्यौरा क्या है ;

(घ) क्या देश में और अधिक लोक अदालतों और ई-लोक अदालतों के आयोजन का कोई प्रस्ताव है; और

(ङ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं ?

## उत्तर
## विधि और न्याय मंत्री
## (श्री किरेन रीजीजू)

**(क) :** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के तत्वाधान के अधीन, विधिक सेवा प्राधिकरण लोक अदालत को अभासी मंच पर ले गए, जिसे ई-लोक अदालत के रुप में जाना जाता है । पहली ई-लोक अदालत 27.06.2020 को मध्यप्रदेश में आयोजित की गई थी । 2020 से, देश में आयोजित ई-लोक अदालतों के राज्य-वार ब्यौरे उपाबंध-क पर है ।

**(ख) :** वर्तमान में कार्य कर रही स्थायी लोक अदालतों के राज्य-वार ब्यौरे उपाबंध-ख पर है ।

**(ग) :** राज्य/ संघ राज्यक्षेत्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों को निधियों का आबंटन लोक अदालत और ई-लोक अदालत के आयोजन में उपगत होने वाले व्ययों सहित सभी क्रियाकलापों के लिए किया जाता है । विगत और वर्तमान वित्तीय वर्ष के दौरान क्रमशः 145 करोड़ रु. और 190 करोड़ रु. लोक अदालतों और ई-लोक अदालतों सहित नालसा के लिए उनके विभिन्न क्रियाकलापों के संचालन के लिए आबंटित किए गए है ।

**(घ) और (ड.) :** प्रत्येक वर्ष, नालसा राष्ट्रीय लोक अदालतों का आयोजन करने के लिए वर्ष का कलैंडर जारी करता है । 2023 के दौरान, राष्ट्रीय लोक अदालतें 11 फरवरी, 13 मई, 9 सितंबर, और 9 दिसंबर को आयोजित होने के लिए अनुसूचित की गई है । राज्य लोक अदालतें स्थानीय परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार राज्य विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा आयोजित की जाती है ।

****************

**उपाबंध – क**

**ई-लोक अदालतें - श्री मारगनी भरत, संसद सदस्य द्वारा उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 245 जिसका उत्तर 03.02.2023 को दिया जाना है – के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

| **2020 से देश में आयोजित ई-लोक अदालतों के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण** | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | **पूर्व-मुकदमेबाजी मामले** | | **न्यायालयों में लंबित मामले** | | **कुल** | |
| क्रसं. | राज्य प्राधिकरण का नाम | **लिए गए** | **निपटाए गए** | **लिए गए** | **निपटाए गए** | **लिए गए** | **निपटाए गए** |
| 1 | आंध्र प्रदेश | 661 | 214 | 22,072 | 15,500 | 22,733 | 15,714 |
| 2 | अरुणाचल प्रदेश | 141 | 18 | 67 | 23 | 208 | 41 |
| 3 | बिहार | 58,182 | 17,469 | 9,023 | 3,078 | 67,205 | 20,547 |
| 4 | चंडीगढ़ | 0 | 0 | 70 | 12 | 70 | 12 |
| 5 | छत्तीसगढ़ | 13,052 | 7,739 | 14,087 | 8,661 | 27,139 | 16,400 |
| 6 | दिल्ली | 16,167 | 13,243 | 95,624 | 82,099 | 1,11,791 | 95,342 |
| 7 | गोवा | 0 | 0 | 170 | 65 | 170 | 65 |
| 8 | गुजरात | 2,44,476 | 1,39,067 | 37,738 | 20,945 | 2,82,214 | 1,60,012 |
| 9 | हरियाणा | 3,755 | 3,625 | 9,565 | 4,985 | 13,320 | 8,610 |
| 10 | हिमाचल प्रदेश | 2,72,292 | 11,688 | 416 | 244 | 2,72,708 | 11,932 |
| 11 | जम्मू-कश्मीर | 2,281 | 1,575 | 8,923 | 6,291 | 11,204 | 7,866 |
| 12 | झारखंड | 1,81,033 | 1,17,468 | 58,832 | 37,411 | 2,39,865 | 1,54,879 |
| 13 | कर्नाटक | 20,558 | 11,885 | 3,02,404 | 1,76,527 | 3,22,962 | 1,88,412 |
| 14 | केरल | 3,985 | 986 | 35,541 | 25,271 | 39,526 | 26,257 |
| 15 | मध्य प्रदेश | 3,661 | 312 | 36,592 | 8,385 | 40,253 | 8,697 |
| 16 | महाराष्ट्र | 2,37,67,045 | 41,35,134 | 87,90,833 | 10,07,872 | 3,25,57,878 | 51,43,006 |
| 17 | मणिपुर | 881 | 738 | 172 | 91 | 1,053 | 829 |
| 18 | मेघालय | 133 | 33 | 25 | 8 | 158 | 41 |
| 19 | मिजोरम | 1,856 | 283 | 168 | 47 | 2,024 | 330 |
| 20 | ओडिशा | 23,806 | 1,143 | 24,272 | 4,236 | 48,078 | 5,379 |
| 21 | पंजाब | 5,327 | 536 | 9,387 | 6,639 | 14,714 | 7,175 |
| 22 | राजस्थान | 36,725 | 6,438 | 57,865 | 29,674 | 94,590 | 36,112 |
| 23 | सिक्किम | 1,123 | 259 | 225 | 59 | 1,348 | 318 |
| 24 | तेलंगाना | 887 | 862 | 12,450 | 10,408 | 13,337 | 11,270 |
| 25 | त्रिपुरा | 2,350 | 505 | 1,472 | 169 | 3,822 | 674 |
| 26 | उत्तर प्रदेश | 2,01,382 | 1,33,926 | 65,217 | 40,094 | 2,66,599 | 1,74,020 |
| 27 | उत्तराखंड | 3,591 | 408 | 12,168 | 4,210 | 15,759 | 4,618 |
| 28 | पश्चिमी बंगाल | 15,654 | 1,924 | 11,997 | 8,907 | 27,651 | 10,831 |
| | **कुल योग** | **2,48,81,004** | **46,07,478** | **96,17,375** | **15,01,911** | **3,44,98,379** | **61,09,389** |

**उपाबंध -ख**

**ई-लोक अदालतें - श्री मारगनी भरत, संसद सदस्य द्वारा उठाए गए लोकसभा अतारांकित प्रश्न सं. 245 जिसका उत्तर 03.02.2023 को दिया जाना है – के उत्तर में निर्दिष्ट विवरण ।**

| **कार्यशील स्थायी लोक अदालतों (पीएलएएस) के ब्यौरे दर्शाने वाला विवरण** | | |
|---|---|---|
| **क्र.सं.** | **राज्य प्राधिकरण का नाम** | **पीएलएएस** |
| 1 | अंदमान और निकोबार | 0 |
| 2 | आंध्र प्रदेश | 9 |
| 3 | अरुणाचल प्रदेश | 0 |
| 4 | असम | 14 |
| 5 | बिहार | 2 |
| 6 | चंडीगढ़ | 1 |
| 7 | छत्तीसगढ़ | 5 |
| 8 | दादरा और नागर हवेली | 0 |
| 9 | दमण और दीव | 0 |
| 10 | दिल्ली | 3 |
| 11 | गोवा | 1 |
| 12 | गुजरात | 1 |
| 13 | हरियाणा | 21 |
| 14 | हिमाचल प्रदेश | 1 |
| 15 | जम्मूकश्मीर- | 0 |
| 16 | झारखंड | 24 |
| 17 | कर्नाटक | 6 |
| 18 | केरल | 3 |
| 19 | लद्दाख | 0 |
| 20 | लक्षद्वीप | 0 |
| 21 | मध्य प्रदेश | 50 |
| 22 | महाराष्ट्र | 4 |
| 23 | मणिपुर | 0 |
| 24 | मेघालय | 0 |
| 25 | मिजोरम | 0 |
| 26 | नागालैंड | 0 |
| 27 | ओडिशा | 22 |
| 28 | पुडुचेरी | 0 |
| 29 | पंजाब | 22 |
| 30 | राजस्थान | 35 |
| 31 | सिक्किम | 0 |
| 32 | तमिलनाडु | 32 |
| 33 | तेलंगाना | 6 |
| 34 | त्रिपुरा | 8 |
| 35 | उत्तर प्रदेश | 71 |
| 36 | उत्तराखंड | 4 |
| 37 | पश्चिमी बंगाल | 0 |
| | **कुल योग** | **345** |

***************